## वस्तुनिष्ठ प्रश्न
## (Objective Type Questions)

1. **विकास का अभिप्राय है—**

(अ) बालक की उम्र में विकास

(ब) बालक के भार का विकास

(स) वह प्रक्रिया जिसमें बालक परिपक्वता की ओर बढ़ता है

(द) बालक के सामाजिक क्षेत्र में विकास।

उत्तर—(स) वह प्रक्रिया जिसमें बालक परिपक्वता की ओर बढ़ता है।

2. **बाल विकास अध्ययन है—**

(अ) बालकों के विकास के विभिन्न पहलुओं का

(ब) बालकों के व्यवहारों का

(स) विकास को प्रभावित करने वाले तत्वों का

(द) उपर्युक्त सभी का।

उत्तर—(द) उपर्युक्त सभी का।

3. **विकास के क्षेत्र हैं—**

(अ) शारीरिक

(ब) मानसिक

(स) सामाजिक

(द) उपर्युक्त सभी।

उत्तर—(द) उपर्युक्त सभी।

4. **बाल्यावस्था का समय है—**

(अ) जन्म से 10 वर्ष तक

(ब) 4 वर्ष से 7 वर्ष तक

(स) 10 वर्ष से 12 वर्ष तक

(द) 5 वर्ष से 12 वर्ष तक।

उत्तर—(द) 5 वर्ष से 12 वर्ष तक।

5. **बाल विकास को कितने भागों में विभक्त कर सकते हैं ?**

(अ) 3

(ब) 4

(स) 6

(द) 8.

उत्तर—(ब) 4.

6. **विकास में होने वाले परिवर्तन होते हैं—**

(अ) रचनात्मक और विनाशात्मक

(ब) रचनात्मक

(स) विनाशात्मक

(द) शारीरिक।

उत्तर—(अ) रचनात्मक और विनाशात्मक।

7. **बालक के विकास की प्रक्रिया प्रारम्भ होती है—**

(अ) जन्म से पूर्व

(ब) 10 वर्ष बाद

(स) 8 वर्ष बाद

(द) 16 वर्ष बाद।

उत्तर—(अ) जन्म से पूर्व।

8. **किशोरावस्था में कौन-सा संवेग तीव्रतर होता है ?**

(अ) क्रोध

(ब) भय

(स) ईर्ष्या

(द) प्रेम व स्नेह।

उत्तर—(द) प्रेम व स्नेह।

9. **पूर्व-बाल्यावस्था होती है—**

(अ) 2 से 5 वर्ष

(ब) 2 से 6 वर्ष

(स) 3 से 5 वर्ष

(द) 3 से 6 वर्ष।

उत्तर—(अ) 2 से 5 वर्ष।

10. **पूर्व-बाल्यावस्था है—**

(अ) पराधीनता की अवस्था

(ब) पूर्वशालेय अवस्था

(स) संवेदनशीलता की अवस्था

(द) खतरनाक अवस्था।

**उत्तर**—(ब) पूर्वशालेय अवस्था।

11. **सामाजिक विकास का अर्थ है—**

(अ) समाज में रहना

(ब) विचारों का आदान-प्रदान करना

(स) सामाजिक गुणों व व्यवहारों की उत्पत्ति

(द) क्लब का सदस्य होना।

**उत्तर**—(स) सामाजिक गुणों व व्यवहारों की उत्पत्ति।

12. **'The Functions of Social Conflict' किसकी कृति है ?**

(अ) मैकियावली

(ब) कोजर

(स) आर. कोलिन्स

(द) टी. पारसन्स।

**उत्तर**—(ब) कोजर।

13. **सामाजिक विकास के मानदण्ड हैं—**

(अ) सामाजिक परिपक्वता

(ब) सामाजिक समायोजन

(स) सामाजिक सहभागिता

(द) उपर्युक्त सभी।

**उत्तर**—(द) उपर्युक्त सभी।

14. **6 से 7 वर्ष के बालक कौन-से खेलों में अधिक रुचि लेते हैं ?**

(अ) एकाकी

(ब) सामूहिक

(स) एकाकी और सामूहिक दोनों

(द) इनमें से कोई नहीं।

**उत्तर**—(ब) सामूहिक।

15. पियाजे ने ज्ञानात्मक विकास के स्तर बताये हैं—

(अ) चार

(ब) दो

(स) पाँच

(द) तीन।

उत्तर—(स) पाँच।

16. पियाजे के सिद्धान्त के अनुसार बालकों में 'वस्तु स्थायित्व' का गुण किस अवस्था में आता है ?

(अ) संवेदी पेशीय अवस्था

(ब) प्राक्-संक्रियात्मक अवस्था

(स) ठोस संक्रिया की अवस्था

(द) औपचारिक संक्रिया की अवस्था।

उत्तर—(अ) संवेदी पेशीय अवस्था।

17. पूर्व संक्रिया काल का समय है—

(अ) 18 माह से 7 वर्ष तक

(ब) 7 से 11 वर्ष तक

(स) 2 वर्ष से 11 अथवा 12 वर्ष तक

(द) 11 अथवा 12 वर्ष एवं इसके बाद के आयु-स्तर तक।

उत्तर—(अ) 18 माह से 7 वर्ष तक।

18. किशोरावस्था का समय है—

(अ) जन्म से 8 वर्ष तक

(ब) 12 से 18 वर्ष तक

(स) 6 से 12 वर्ष तक

(द) 20 से 30 वर्ष तक।

उत्तर—(ब) 12 से 18 वर्ष तक।

19. 'Age of Puberty' कहते हैं—

(अ) पूर्ण किशोरावस्था को

(ब) किशोरावस्था को

(स) बाल्यावस्था को

(द) इन सभी को।

उत्तर—(अ) पूर्ण किशोरावस्था को।

20. **बालक के प्रत्यय का विकास होता है—**

(अ) अनिश्चित

(ब) निश्चित प्रतिरूप

(स) विशिष्ट

(द) इनमें से कोई नहीं।

**उत्तर—**(ब) निश्चित प्रतिरूप।

21. **"किशोरावस्था जीवन का सबसे कठिन काल है।" यह कथन किसका है ?**

(अ) किलपैट्रिक

(ब) नन

(स) जरसील्ड

(द) ड्यूवी।

**उत्तर—**(अ) किलपैट्रिक।

22. **'हवाई महल बनाना' इस प्रक्रिया को कहते हैं—**

(अ) दिवास्वप्न

(ब) पलायन

(स) प्रतिगमन

(द) तादात्म्य।

**उत्तर—**(अ) दिवास्वप्न।

23. **समायोजन के प्रकार हैं—**

(अ) व्यक्तिगत समायोजन

(ब) सामाजिक समायोजन

(स) व्यावसायिक समायोजन

(द) उपर्युक्त सभी।

**उत्तर—**(द) उपर्युक्त सभी।

24. **मानसिक द्वन्द्व के प्रमुख कारण हैं—**

(अ) आर्थिक कारण

(ब) संवेगात्मक कारण

(स) जैविकीय कारण

(द) उपर्युक्त सभी।

**उत्तर—**(द) उपर्युक्त सभी।

25. एक भली-भाँति समायोजन व्यक्ति की विशेषताएँ हैं—

(अ) शारीरिक दृष्टि से समायोजित

(ब) संवेगात्मक रूप से समायोजित

(स) व्यावसायिक समायोजन

(द) उपर्युक्त सभी।

उत्तर—(द) उपर्युक्त सभी।

26. बाल विकास इनका अध्ययन है—

(अ) गर्भावस्था से बाल्यावस्था

(ब) गर्भावस्था से किशोरावस्था

(स) गर्भावस्था से जीवनपर्यन्त तक

(द) इनमें से कोई नहीं।

उत्तर—(स) गर्भावस्था से जीवनपर्यन्त तक।

27. शिक्षा की दृष्टि से मानव विकास का कौन-सा पक्ष सबसे अधिक महत्वपूर्ण है ?

(अ) शारीरिक

(ब) मानसिक

(स) सामाजिक

(द) संवेगात्मक।

उत्तर—(ब) मानसिक।

28. क्रियात्मक विकास का अर्थ है—

(अ) माँसपेशीय नियन्त्रण

(ब) माँसपेशीय उचित संयोजन

(स) माँसपेशीय का एकीकरण

(द) उपर्युक्त सभी।

उत्तर—(द) उपर्युक्त सभी।

29. विकासात्मक संवेग सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया ?

(अ) वाटसन

(ब) पियाजे

(स) ब्रिजेज

(द) इनमें से कोई नहीं।

उत्तर—(स) ब्रिजेज।

30. हरलॉक के अनुसार शैशवावस्था है—
(अ) जन्म से दो वर्ष तक
(ब) जन्म से दो सप्ताह तक
(स) गर्भाधान से दो सप्ताह तक
(द) गर्भाधान से दो वर्ष तक।
उत्तर—(ब) जन्म से दो सप्ताह तक।

31. किशोरों की रुचियों में स्थायित्व किस काल में आता है ?
(अ) 10-14
(ब) 13-18
(स) 13-16
(द) 16-18.
उत्तर—(द) 16-18.

32. मानव जीवन में अभिवृद्धि की प्रक्रिया सामान्यतया कब तक चलती है ?
(अ) 14 वर्ष
(ब) 16 वर्ष
(स) 18 वर्ष
(द) 22 वर्ष।
उत्तर—(स) 18 वर्ष।

33. किशोरावस्था में कौन-सी मूल प्रवृत्ति जीवन में उथल-पुथल मचाती है ?
(अ) जिज्ञासा
(ब) काम
(स) सामूहिकता
(द) इनमें से कोई नहीं।
उत्तर—(ब) काम।

34. बाल्यावस्था में बच्चों का मानसिक विकास किस गति से होता है ?
(अ) अति मन्द
(ब) मन्द
(स) तीव्र
(द) इनमें से कोई नहीं।
उत्तर—(ब) मन्द।

35. कॉलसनिक ने मानव विकास की अवस्थाओं को कितने भागों में विभाजित किया है ?
(अ) 3
(ब) 5
(स) 8
(द) 10.
उत्तर—(स) 8.

36. बाल्यावस्था में सामान्यतया बालक का व्यक्तित्व होता है—
(अ) व्यक्तित्वहीन
(ब) अन्तर्मुखी व्यक्तित्व
(स) बहिर्मुखी व्यक्तित्व
(द) उभयमुखी व्यक्तित्व।
उत्तर—(स) बहिर्मुखी व्यक्तित्व।

37. बाल्यावस्था में कौन-सी मूल प्रवृत्ति सर्वाधिक क्रियाशील होती है ?

(अ) काम (ब) रचनात्मकता

(स) जिज्ञासा (द) सामूहिकता।

उत्तर—(द) सामूहिकता।

38. मानव विकास को प्रभावित करने वाले मुख्य कारक क्या है ?

(अ) वंशानुक्रम (ब) पर्यावरण

(स) वंशानुक्रम एवं पर्यावरण (द) इनमें से कोई नहीं।

उत्तर—(स) वंशानुक्रम एवं पर्यावरण।

39. "विकास के परिणामस्वरूप व्यक्ति में नवीन विशेषताएँ और नवीन योग्यताएँ प्रकट होती है।" यह कथन है—

(अ) स्किनर का (ब) फ्रॉबेल का

(स) ड्यूवी का (द) वुडवर्थ का।

उत्तर—(द) वुडवर्थ का।

40. विकास की प्रक्रिया के मुख्य रूप हैं—

(अ) आकार व अनुपात में परिवर्तन (ब) पुरानी रूपरेखा में परिवर्तन

(स) नये गुणों की प्राप्ति (द) उपर्युक्त सभी।

उत्तर—(द) उपर्युक्त सभी।

41. "समाजीकरण एवं व्यक्तिकरण एक ही प्रक्रिया के दो पहलू हैं।" यह कथन किसका है ?

(अ) रेमाण्ट (ब) नन

(स) मैकाइवर (द) रॉस।

उत्तर—(स) मैकाइवर।

42. "विद्यालय समाज का लघु रूप है।" यह कथन है—

(अ) ड्यूवी का (ब) ओटावे का

(स) थॉम्पसन का (द) ब्राउन का।

उत्तर—(अ) ड्यूवी का।

43. "बालक के प्रथम 6 वर्ष तक माँ के घुटने ही विद्यालय है।" यह कहा है—

(अ) कमेनियस ने (ब) महात्मा गाँधी ने

(स) अरस्तू ने (द) प्लेटो ने।

उत्तर—(अ) कमेनियस ने।

44. "समाजविहीन अकेला व्यक्ति कल्पना की खोज है।" यह किसने कहा है ?

(अ) रूसो (ब) रेमण्ड

(स) ड्यूवी (द) सुकरात।

उत्तर—(ब) रेमण्ड।

45. बालक के समाजीकरण की सबसे महत्वपूर्ण संस्था है—

(अ) परिवार (ब) पास-पड़ोस

(ब) मित्र-मण्डली (द) विद्यालय।

उत्तर—(अ) परिवार।

46. किस अवस्था के सामाजिक विकास में यौन विरोध की भावना पायी जाती है ?

(अ) शैशवावस्था (ब) पूर्व-बाल्यावस्था

(स) उत्तर-बाल्यावस्था (द) किशोरावस्था।

उत्तर—(ब) पूर्व-बाल्यावस्था।

47. निषेधात्मकता किस अवस्था का सामाजिक व्यवहार है ?

(अ) शैशवावस्था (ब) पूर्व बाल्यावस्था

(स) उत्तर बाल्यावस्था (द) किशोरावस्था।

उत्तर—(ब) पूर्व बाल्यावस्था।

48. बालक के समाजीकरण के लिए प्राथमिक व्यक्ति कहा गया है—

(अ) माता को (ब) पिता को

(स) बहन को (द) दूरदर्शन को।

उत्तर—(अ) माता को।

49. यह परिभाषा किसके द्वारा दी गई है—"यह (प्रत्यय) घटनाओं, वस्तुओं और व्यक्तियों की विशेषताओं और सम्बन्धों को पृथक् करने वाली प्रक्रिया है।"

(अ) क्रो एवं क्रो (ब) हैरीमन

(स) हैमरटन (द) इनमें से कोई नहीं।

उत्तर—(स) हैमरटन।

50. किस अवस्था को यौवन एवं बाल्यावस्था के मध्य पड़ने वाला सन्धिकाल कहा जाता है ?

(अ) बाल्यावस्था (ब) शैशवावस्था

(स) किशोरावस्था (द) प्रौढ़ावस्था।

उत्तर—(स) किशोरावस्था।

**''समाजीकरण एवं व्यक्तिकरण एक ही प्रक्रिया के दो पक्ष हैं।'' यह कथन किसका है—**

(a) नन (b) व्हाइटहैड

(c) रॉस (d) मैकाइवर।

उत्तर—(d) मैकाइवर।

**किसने कहा है—''शिक्षा एवं दर्शन एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।''**

(a) रेमाण्ट (b) नन

(c) रॉस (d) मैकाइवर।

उत्तर—(d) मैकाइवर।

**बालक के समाजीकरण की सबसे महत्वपूर्ण संस्था है—**

(a) परिवार (b) पास-पड़ौस

(c) मित्र-मण्डली (d) विद्यालय।

उत्तर—(a) परिवार।

**किसने कहा है—''सामाजिक गतिशीलता का अर्थ है—सामाजिक समूहों तथा स्तर के पुंज में किसी व्यक्ति का एक सामाजिक स्थिति से दूसरी सामाजिक स्थिति में पहुँच जाना।''**

(a) पी. सोरोकिन (b) स्पेंसर

(c) मैकाइवर (d) प्लेटो।

उत्तर—(a) पी. सोरोकिन।

**''शिक्षा को त्रिध्रुवीय प्रक्रिया'' के रूप में किसने परिभाषित किया है—**

(a) टैगोर (b) जॉन ड्यूवी

(c) एड गुम्स (d) दुर्खीम।

उत्तर—(b) जॉन ड्यूवी।

**समाज सामाजिक सम्बन्धों का जाल है। यह किसने कहा—**

(a) मैकाइवर ने (b) डार्विन ने

(c) रॉस ने (d) डनकन ने।

उत्तर—(a) मैकाइवर ने।

**वेदान्त दर्शन के मूल ग्रन्थ का क्या नाम है ?**

(a) वेदान्त सूत्र (b) ब्रह्म सूत्र

(c) ब्रह्म ज्ञान (d) ब्रह्म तत्व।

उत्तर—(b) ब्रह्म सूत्र।

**सांख्य दर्शन का प्रतिपादक किसे माना जाता है—**

(a) पतंजलि (b) कणाद

(c) कपिल (d) गौतम।

उत्तर—(b) कणाद।

**पेस्टालॉजी किस दार्शनिक विचारधारा के व्यक्ति थे—**

(a) प्रकृतिवाद (b) प्रयोजनवाद

(c) आदर्शवाद (d) यथार्थवाद।

**उत्तर**—(c) आदर्शवाद।

**शिक्षा को द्वि-ध्रुवीकरय प्रक्रिया के रूप में किसने परिभाषित किया है—**

(a) जॉन ड्यूवी (b) एडम्स

(c) जे. एस. रॉस (d) स्पेन्सर।

**उत्तर**—(b) एडम्स।

**प्रकृतिवाद को शिक्षा में चरमोत्कर्ष प्रदान किया—**

(a) कॉमेनियस ने (b) टी. एच न्हक्सले ने

(c) रूसो ने (d) बेकन ने।

**उत्तर**—(c) रूसो ने।

**कौन-सा दार्शनिक एकीकृत पाठ्यक्रम का पक्षधर है—**

(a) प्रकृतिवाद (b) आदर्शवाद

(c) प्रयोजनवाद (d) इनमें से कोई नहीं।

**उत्तर**—(c) प्रयोजनवाद।

**शिक्षा के सामाजिक कार्यों पर अतिरिक्त बल प्रदान करने वाला सम्प्रदाय है—**

(a) यथार्थवादी (b) आदर्शवादी

(c) प्रकृतिवादी (d) प्रयोजनवादी।

**उत्तर**—(a) यथार्थवादी।

**आदर्शवाद का श्रेष्ठ योगदान किस क्षेत्र में है—**

(a) शिक्षण विधियाँ

(b) पाठ्यक्रम

(c) उद्देश्य

(d) शिक्षक की भूमिका।

**उत्तर**—(c) उद्देश्य।

**यथार्थवाद संसार को सामान्यतः उसी रूप में स्वीकार करता है जिस रूप में वह हमें दिखायी देता है।'' यह कथन किसका है—**

(a) रॉस का

(b) प्लेटो का

(c) बटलर का

(d) वर्टेण्ड रसेल का।

**उत्तर**—(c) बटलर का।

**निम्नलिखित में से कौन-सा प्रकृतिवाद का प्रकार नहीं है—**

(a) यदार्थवादी
(b) यन्त्रवादी
(c) जैववादी
(d) प्रौद्योगिकवादी।

उत्तर—(d) प्रौद्योगिकवादी।।

**अन्तिम सत्ता भौतिकता में है आध्यात्मिकता में नहीं। यह मान्यता है—**

(a) प्रकृतिवादी
(b) आदर्शवाद
(c) प्रयोजनवाद
(d) आर्यवाद।

उत्तर—(a) प्रकृतिवादी।

**प्रकृतिवाद का श्रेष्ठ योगदान शिक्षा के क्षेत्र में है—**

(a) उद्देश्य
(b) शिक्षण विधि
(c) पाठ्यक्रम
(d) अनुशासन।

उत्तर—(b) शिक्षण विधि।

**शिक्षा का सर्वोपरि उद्देश्य क्या है—**

(a) सामाजिक दक्षता
(b) मानव निर्माण
(c) व्यावसायिक दक्षता
(d) नागरिक दक्षता।

उत्तर—(b) मानव निर्माण।

**शिक्षा एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा बालक अपनी अन्तर्निहित वहिःस्थिति का प्रदर्शन करता है।'' यह परिभाषा है—**

(a) एडम्स की
(b) विवेकानन्द की
(c) फ्राबेल की
(d) प्लेटो की।

उत्तर—(b) विवेकानन्द की।

**प्रकृतिवाद के प्रवर्तक हैं—**

(a) प्लेटो
(b) रूसो
(c) सुकरात
(d) कमेनियस।

उत्तर—(b) रूसो।

**अष्टांग शिक्षा के अभ्यास से कौन-सा दर्शन सम्बन्धित है—**

(a) सांख्य
(b) न्याय
(c) योग
(d) कोई नहीं।

उत्तर—(c) योग।

**प्रकृति का अनुसरण करो—इस सूत्र के प्रवर्तक हैं—**

(a) कबामेनियस
(b) रूसो
(c) हरवर्ट
(d) हक्सले।

उत्तर—(b) रूसो।

Who said that, "Audio-visual aids are those aids which help in completing the triangular process of learning that is motivation, classification and stimulation"—

(a) Burton
(b) Carter V. Good
(c) McKean and Roberts
(d) Kinder S. James

A small piece of transparent material on which a single pictorial image or scene or graphic image is photographed or reproduced is known as—

(a) Overhead Projector (b) Opaque Projector
(c) Slide (d) VCR.

What of the following helps in projecting a variety of materials such as pages of the book, objects, coins, postcards, or such other flat material that is non-transparent—

(a) Opaque Projector (b) Epidiascope
(c) Videocassette (d) Videodisc Machines.

What of the following may record television and other video inputs and play back recorded programmes—

a) Epidiascope (b) Tape recorder
c) Radio (d) VCR.

he institution that safeguards various artifacts and ther objects of artistic, cultural, historical, r scientific importance and makes them available be viewed by the public at large is known as—

) Library (b) University
) Campus (d) Museum.

ns. 1. (b), 2. (c), 3. (a), 4. (d), 5. (d).]

# Contact US

ACMT Education College

Plot No: 1148, near Rithal Metro Station, Pillar no 468

Rohini Sector-5,New Delhi:-110085

Phone No: 01127047419

Website: http://www.acmteducationcollege.com/

ACMT